प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 01.10.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 25 प्रस्ताव पारित : मुख्यमंत्री युवा के तहत युवाओं को बिना ब्याज मिलेगा 5 लाख रुपये का लोन।**
2. **मुख्यमंत्री ने लखनऊ में पेरिस ओलंपिक और पैरालम्पिक के 14 खिलाड़ियों को किया सम्मानित : पुरस्कार स्वरूप दिये 22 करोड़ 70 लाख रुपये।**
3. **प्रदेश के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने आज लखनऊ में कारीगर मेले को किया संबोधित : जनता से की खादी को दैनिक जीवन में अपनाने की अपील।**

**और**

4. **भारत ने कानपुर में खेले गये दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में बांग्लादेश को सात विकेट से हराकर दो टैस्ट मैचों की श्रृंखला दो–शून्य से जीतो।**

———————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 25 प्रस्तावों को मंजूरी मिल गई। बैठक में दो प्राइवेट विश्वविद्यालयों की स्थापना का प्रस्ताव पारित हो गया। यह प्राइवेट विश्वविद्यालय मथुरा और मेरठ में खोले जायेंगे। इसके लिये निवेशकों को स्टैम्प में 20 से**

50 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के प्रस्ताव को भी मंजूरी मिल गई। इसके तहत प्रदेश में एक लाख युवाओं को हर साल कारोबार के लिये पांच लाख रुपये बिना ब्याज दिये जायेंगे। मंत्रि परिषद के फैसलों की जानकारी देते हुए श्री सचान ने बताया कि योजना में छह महीने तक युवाओं को कोई किस्त नहीं दनी होगी। बाइट.......

*मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान जिसमें एक लाख नौजवानों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपए का बिना ब्याज के प्रशिक्षित और शिक्षित युवाओं को सूक्ष्म इकाइयों के लिए हम लोग लोन दे कर के और उनकों रोजगार सृजन से जोड़ेंगे।*

मंत्रि परिषद की बैठक में उत्तर प्रदेश में बायो प्लास्टिक्स उद्योग नीति–2024 बनाने, बुन्देलखंड एक्सप्रेस–वे के दोनों तरफ सोलर पार्क बनाने के प्रस्तावों को भी मंजूरी मिल गई। इसके अलावा चार हजार करोड़ रुपये से यूपी एग्री परियाजना लागू करने के प्रस्ताव को भी पारित कर दिया गया। इस परियोजना को 8 मंडलों के 28 जनपदों में लागू किया जायेगा, जिनमें 7 आकांक्षी जनपद और 50 आकांक्षी ब्लाक शामिल है। बैठक में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत मक्का, बाजरा और ज्वार क्रय नीति और उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति–2024 को भी मंजूरी मिल गई।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में पेरिस ओलंपिक और पैरालम्पिक खेलों में देश और प्रदेश का मान बढ़ाने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने 14 ओलंपियंस और पैरा ओलंपियंस को 22 करोड़ 70 लाख की पुरस्कार राशि भेंट की। पेरिस पैरालंपिक गेम्स में के.टी. 64 इवेंट में गोल्ड जीतने वाले प्रवीण कुमार को 6 करोड़ रुपये का चेक देकर सम्मानित किया गया। वहीं पैरालंपिक गेम्स में सिल्वर मेडल जीतने वाले सुहास एल वाई और अजीत सिंह को 4–4 करोड़ रुपए, प्रीति पाल को 2 कांस्य पदक जीतने पर 4 करोड़ रुपए और ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली सिमरन को एक करोड़ रुपए की धनराशि दी गई। हॉकी के कांस्य पदक विजेता ललित उपाध्याय और राजकुमार पाल को एक–एक करोड़ की धनराशि देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले अन्य खिलाड़ियों प्रियंका, अन्नू रानी, पारुल चौधरी और साक्षी को 10–10 लाख रुपये का चेक देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन की सरकार उत्तर प्रदेश के युवाओं को खेल के माहौल के साथ संसाधन भी उपलब्ध करा रही है। आज देश में खेलों का जो माहौल बना है, उसके पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बड़ी भूमिका है। बाइट..........

*प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में पिछले दस वर्ष के अंदर जो एक नियोजित प्रयास हुए हैं वह परिणाम आज हम सबको देखने को मिल रहा है। प्रधानमंत्री जी ने खेलो इंडिया खेलों से इस अभियान का शुभारंभ किया था। इसके बाद फिट इंडिया मूवमेंट, सांसद खेलकूद प्रतियोगिता और अब तो शहर हो या गाँव या विश्वविद्यालयों के स्तर पर अब लीग प्रतियोगिताएं प्रारंभ हो चुकी है। इसमें अलग अलग क्षेत्र के अलग– अलग खेलों के लिए एक प्लेटफार्म प्राप्त हो रहा है और खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर भी प्राप्त हो रहा है।*

—————————

गोरखपुर में निजी क्षेत्र के पहले विश्वविद्यालय, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय आरोग्य धाम मेडिकल कॉलेज को नेशनल मेडिकल कमीशन से एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए 100 सीटों की मान्यता मिल गई है। इससे पहले मेडिकल कॉलेज का 50 सीटों की ही मान्यता थी। यह जानकारी देते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरविंद कुशवाहा ने बताया कि जल्द ही बढ़ी 50 सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया नीट काउंसिलिंग से शुरू हो जाएगी।

—————————

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने डायट द्वारा संचालित डीएलएड के दो वर्षीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में प्रवेश की अर्हता इंटर से बढ़ाकर स्नातक करने के राज्य सरकार के आदेश को रद्द कर दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति मनीष कुमार ने यशांक खंडेलवाल और नौ अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए कल दिया। कोर्ट ने कहा कि प्रवेश की प्रक्रिया 12 दिसंबर

तक चलेगी, इसलिए याचियों को प्रवेश प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति दी जाए।

———————

सर्वोच्च न्यायालय ने मुज़फ्फरनगर के एक अनुसूचित जाति के विद्यार्थी अतुल को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी, धनबाद में प्रवश सुनिश्चित कर बड़ी राहत दी है। इस विद्यार्थी को पैसे जुटाकर ऑनलाइन प्रवेश शुल्क जमा कराने में कुछ मिनटों की देर हो गई थी और वह प्रवेश से वंचित हो गया था। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता को आईआईटी धनबाद के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में सीट दी जाए। शीर्ष न्यायालय के इस आदेश पर अतुल ने कोर्ट का आभार जताया है। बाइट.....

*सुप्रीम कोर्ट का अभी तीस तारीख को फैसला आया था चीफ जस्टिस ने अपने आप ये बोला की बच्चे की तरक्की में फीस की बाधा नहीं होनी चाहिए। पैसे की दिक्कत उनकी तरक्की को नहीं रोकनी चाहिए और इसी को देखते हुए। उन्होंने फैसला किया और आईआईटी धनबाद को नोटिस जारी कर दिया कि वे हमें सीट दे दे। अभी कुछ दिनों में एडमिशन भी हो जाएगा। परिवार में खुशी का माहौल है जश्न का माहौल है।*

———————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदेश के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने आज लखनऊ में शिल्पकारों को प्रोत्साहित करने के उद्दश्य से आयोजित कारीगर मेले को संबोधित किया। श्री सचान ने कहा कि एक जिला एक उत्पाद जैसी योजनाओं के माध्यम से कारीगरों को रोजगार और बाजार दोनों में प्रगति के अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने जनता से खादी को अपने दैनिक जीवन में अपनाने की अपील करते हुए कहा कि खादी न केवल स्वदेशी का प्रतीक है, बल्कि यह हमारे स्वतंत्रता संग्राम की धरोहर भी है।

——————————

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने आज लखनऊ से राज्य स्तरीय संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मच्छर जनित रोगों से मुक्ति पाने के लिए सभी को अभियान से जुड़ना होगा। श्री पाठक ने कहा कि प्रदेश सरकार के 13 विभाग इस अभियान को सफल बनाने में लगे हुए हैं। बाइट........

*आज संचारी रोग अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जो जलभराव है स्वच्छ जल में जो मच्छर जनित रोग होते है इस अभियान के तहत ऐसे सभी मच्छर जनित रोगों पर नियंत्रण के लिए हम दस्तक अभियान के माध्यम से साफ भरे हुए जल को रोकने के लिए घर–घर अभियान चलाएंगे और छिड़काव पर्याप्त मात्रा में करेंगे जिससे डेंगू, मलेरिया, कालाजार जैसे मच्छर जनित रोगों उन पर हम नियंत्रण पा पाएंगे पूरे प्रदेश में चलेगा।*

फर्रुखाबाद जिलाधिकारी डॉक्टर वी. के. सिंह ने कलेक्ट्रेट फतेहगढ़ से संचारी रोग नियंत्रण अभियान की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने रैली में शामिल लोगों को संचारी रोग नियंत्रण के लिये शपथ भी दिलाई। हमीरपुर में आज अभियान के तहत जिलाधिकारी ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

——————————

स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत राजभवन में आज मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य न केवल स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना था, बल्कि बच्चों की रचनात्मकता को उजागर करना भी था। प्रतियोगिता के माध्यम से समाज में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। वहीं आकाशवाणी लखनऊ में खुशी फाउंडेशन के सहयोग से सफाई मित्र स्वास्थ्य शिविर और सफाई मित्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर आकाशवाणी के कर्मचारियों की निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

—————————

भारत ने कानपुर में दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में बांग्लादेश को सात विकेट से हराकर दो टैस्ट मैचों की श्रृंखला दो–शून्य से जीत ली है। मैच के पांचवें दिन भारत ने बांग्लादेश को दूसरी पारी में 146 रन पर समेट दिया। इसके बाद तीन विकेट पर 95 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया।

(समाप्त)